अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 26 अक्तूबर 2022
कार्तिक शुक्ल-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2079

PAGE NO, 07, BOTTOM

यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप 28 से

बरेली। 69वीं स्टेग यूपी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता एसआरएमएस कॉलेज में 28 से 30 अक्तूबर तक होगी।डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव दीपेंद्र कमथान ने बताया कि उप्र टेबल टेनिस एसोसिएशन और डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित की जा रही है। इसमें बालक और बालिकाओं के लिए सब जूनियर, जूनियर, यूथ, केडिट समेत 12 वर्गों में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में 25 जिलों से तकरीबन 325 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। फाइनल 30 अक्तूबर को दोपहर 1:30 बजे खेला जाएगा। इसी दिन पुरस्कार वितरण भी होगा। संवाद